**भारत सरकार**

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न सं. 125**

**गुरुवार, 2 फरवरी, 2017/13 माघ, 1938 (शक)**

**दुर्घटना पीड़ितों का नकदी रहित उपचार**

**125. श्री भर्तृहरि महताब:**

**क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या सरकार ने देश के राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटना पीड़ितों को नकदी रहित उपचार सुविधा

प्रदान करने के लिए एक प्रायोगिक परियोजना शुरू की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और परियोजना के आरंभ होने से नकदी रहित उपचार

प्रदान किए गए ऐसे पीड़ितों की संख्या कितनी है;

(ग) उक्त परियोजना की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार मुख्य विशेषताएं और कवरेज क्या है;

(घ) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान देश में रिपोर्ट की गई सड़क दुर्घटनाओं

की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है; और

(ङ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री पोन्. राधाकृष्णन)**

(क) से (ग) : सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्गों के निम्नलिखित खंडों पर सड़क दुर्घटना के पीड़ितों के नकदीरहित उपचार के लिए तीन प्रायोगिक परियोजनाएं आरंभ की हैं ।

(I) राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 8 का गुड़गांव-जयपुर खंड (2013-14 में प्रारंभ किया गया)

(II) राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 8 का बड़ोदरा-मुंबई खंड (2014-15 में प्रारंभ किया गया)

(III) राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 33 का रांची-रारगांव-महुलिया खंड (2014-15 में प्रारंभ किया गया)

इस परियोजना का उदेद्य 'स्वर्णिम घड़ी' के दौरान तत्काल व उपयुक्त चिकित्सा देखभाल मुहैया कराके दुघर्टना पीड़ितों के जीवन को बचाना है और इस प्रकार सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली घातकता व अपंगता की घटनाओं में कमी लाना है। इस परियोजना में प्रथम 48 घंटों के दौरान दुर्घटना पीड़ितों को दुर्घटना स्थल से अस्पताल में ले जाने और जहां आवश्यक हो एक अस्पताल से किसी अन्य सरकारी या प्राइवेट अस्पताल में उपचार के लिए ले जाने अथवा 30,000/- रु. मुहैया कराए जाने जैसी भी स्थिति हो, की परिकल्पना है।

प्रायोगिक चरण समाप्त हो गया है। पीजीआइएमआर ने अध्ययन कराया है।

(घ): सड़क दुर्घटनाओं की कुल संख्या तथा ऐसी दुर्घटनाओं में मारे गए व घायल हुए व्यक्तियों के संबंध में राज्य/ संघ-राज्य क्षेत्र-वार **अनुलग्नक** में दिया गया है।

(ङ.): सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने ऐसी सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अनेक उपाय किए हैं जिनका ब्यौरा निम्नानुसार है:

(i) सरकार ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा नीति अनुमोदित की है । इस नीति में विभिन्न उपाय बताए गए हैं जैसे जागरूकता संवर्धित करना, कुशल परिवहन के उपयोग सहित सुरक्षित सड़क अवसंरचना को प्रोत्साहित करना, सुरक्षा कानूनों का प्रवर्तन, अभिघात देखभाल आदि ।

(ii) सरकार ने सड़क सुरक्षा के मामलों में नीतिगत निर्णय लेने के लिए एक शीर्ष निकाय के रूप में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद् गठित की है ।

(iii) मंत्रालय ने सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से राज्य सड़क सुरक्षा परिषद् और जिला सड़क सुरक्षा समितियां गठित करने और उनकी बैठकें नियमित रूप से आयोजित करने का अनुरोध किया है ।

(iv) मंत्रालय ने शिक्षा, इंजीनियरी (सड़क और वाहन दोनों के लिए), प्रवर्तन और आपात निदान नामक चार सड़क सुरक्षा उपायों पर आधारित सड़क सुरक्षा के मुद्दे के समाधान के लिए एक बहुआयामी रणनीति तैयार की है । इसके आधार पर, कार्य-योजना का एक मसौदा राज्यों के साथ साझा किया गया है।

(v) सड़क सुरक्षा को योजना स्तर पर सड़क डिजाइन के एक अभिन्न भाग के रूप में बनाया गया है ।

(vi) राष्ट्रीय राजमार्गों के चुनिन्दा खंडों की सड़क सुरक्षा संपरीक्षा आरंभ की गई है ।

(vii) राष्ट्रीय राजमर्गों पर ब्लैक स्पॉटों (दुर्घटना संभावित स्थलों) के अभिनिर्धारण और दोष निवारण को उच्च प्राथमिकता दी गई है । लगभग 789 ऐसे ब्लैक स्पॉटों का सुधार के लिए अभिनिर्धारण किया गया है ।

(viii) राष्ट्रीय राजमार्ग की चार लेनिंग के लिए शुरूआत को 15,000 पैसेंजर कार यूनिट (पीसीयू) से घटाकर 10,000 पीसीयू कर दिया गया है । राज्यीय राजमार्गों के लगभग 52,000 किमी खंडों को राष्ट्रीय राजमार्गों में बदलने के लिए अभिज्ञात किया गया है ।

(ix) राज्यों में आदर्श ड्राइविंग प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करना और असंगठित क्षेत्र में भारी मोटर वाहनों के चालकों के लिए पुनश्चर्या प्रशिक्षण ।

(x) इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के माध्यम से सड़क सुरक्षा पर समर्थन/प्रचार अभियान ।

(xi) वाहनों के सुरक्षा मानकों को सख्त बनाना जैसे कि सीट बेल्ट, पावर-स्टियरिंग, एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम आदि ।

(xii) राष्ट्रीय राजमार्गों पर विकास के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग दुर्घटना सहायता सेवा योजना के अंतर्गत विभिन्न राज्य सरकारों को क्रेनें और एम्बुलेंस प्रदान करना । भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण भी अपने प्रचालन और अनुरक्षण ठेकों के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्गों के पूरे किए गए प्रत्येक खंड पर 50 किमी की दूरी पर एंबुलेंसें प्रदान करता है ।

(xiii) राष्ट्रीय राजमार्ग सं.-8 के गुडगांव-जयपुर, बड़ोदरा-मुम्बई खंड और राष्ट्रीय राजमार्ग सं.-33 के रांची – रारगांव - महुलिया खंड पर सड़क दुर्घटना पीड़ितों के नकदी रहित उपचार के लिए एक प्रायोगिक परियोजना का प्रारंभ ।

<u>अनुलग्नक</u>

**''दुर्घटना पीड़ितों का नकदी रहित उपचार'' के संबंध में श्री भर्तृहरि महताब द्वारा दिनांक 02.02.2017 को पूछे गए लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 125 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**सभी सड़कों पर सड़क दुर्घटनाओं की कुल संख्या**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | सड़क दुर्घटनाओं की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **2012** | **2013** | **2014** | **2015** |
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 42524 | 43482 | 24440 | 24258 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 251 | 308 | 205 | 284 |
| 3 | असम | 6535 | 7211 | 7144 | 6959 |
| 4 | बिहार | 10320 | 10200 | 9556 | 9555 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 13511 | 13657 | 13821 | 14446 |
| 6 | गोवा | 4312 | 4294 | 4229 | 4338 |
| 7 | गुजरात | 27949 | 25391 | 23712 | 23183 |
| 8 | हरियाणा | 10065 | 10482 | 10676 | 11174 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 2899 | 2981 | 3058 | 3010 |
| 10 | जम्मू और काश्मीर | 6709 | 6457 | 5861 | 5836 |
| 11 | झारखंड | 5711 | 5569 | 5201 | 5162 |
| 12 | कर्नाटक | 44448 | 44020 | 43713 | 44011 |
| 13 | केरल | 36174 | 35215 | 36282 | 39014 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 51210 | 51810 | 53472 | 54947 |
| 15 | महाराष्ट्र | 66316 | 63019 | 61627 | 63805 |
| 16 | मणिपुर | 771 | 671 | 743 | 671 |
| 17 | मेघालय | 483 | 525 | 542 | 606 |
| 18 | मिजोरम | 110 | 114 | 132 | 70 |
| 19 | नगालैंड | 42 | 71 | 305 | 54 |
| 20 | ओडिशा | 9285 | 9680 | 9648 | 10542 |
| 21 | पंजाब | 6341 | 6323 | 6391 | 6702 |
| 22 | राजस्थान | 22969 | 23592 | 24628 | 24072 |
| 23 | सिक्किम | 158 | 244 | 203 | 219 |
| 24 | तमिलनाडु | 67757 | 66238 | 67250 | 69059 |
| 25 | तेलंगाना | NA | NA | 20078 | 21252 |
| 26 | त्रिपुरा | 888 | 818 | 716 | 647 |
| 27 | उत्तराखंड | 1472 | 1297 | 1410 | 1523 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 29972 | 30615 | 31034 | 32385 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 12290 | 12414 | 12875 | 13208 |
| 30 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 236 | 200 | 218 | 258 |
| 31 | चंडीगढ़ | 419 | 410 | 369 | 416 |
| 32 | दादर और नगर हवेली | 85 | 91 | 87 | 69 |
| 33 | दमन और दीव | 50 | 59 | 39 | 70 |
| 34 | दिल्ली | 6937 | 7566 | 8623 | 8085 |
| 35 | लक्षदीप | 3 | 1 | 1 | 3 |
| 36 | पुदुचेरी | 1181 | 1451 | 1111 | 1530 |
| **जोड़** | | **490383** | **486476** | **489400** | **501423** |

## सभी सड़कों पर सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए व्यक्तियों की कुल संख्या

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | मारे गए व्यक्तियों की कुल संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2012 | 2013 | 2014 | 2015 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 14964 | 14171 | 7908 | 8297 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 138 | 143 | 119 | 127 |
| 3 | असम | 2291 | 2441 | 2522 | 2397 |
| 4 | बिहार | 5056 | 5061 | 4913 | 5421 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 3167 | 3477 | 4022 | 4082 |
| 6 | गोवा | 292 | 266 | 290 | 311 |
| 7 | गुजरात | 7817 | 7613 | 7955 | 8119 |
| 8 | हरियाणा | 4446 | 4517 | 4483 | 4879 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 1109 | 1054 | 1199 | 1096 |
| 10 | जम्मू और काश्मीर | 1165 | 990 | 992 | 917 |
| 11 | झारखंड | 2818 | 2706 | 2628 | 2893 |
| 12 | कर्नाटक | 9448 | 10046 | 10452 | 10856 |
| 13 | केरल | 4286 | 4258 | 4049 | 4196 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 8175 | 8588 | 8569 | 9314 |
| 15 | महाराष्ट्र | 13333 | 13029 | 12803 | 13212 |
| 16 | मणिपुर | 158 | 165 | 168 | 139 |
| 17 | मेघालय | 219 | 130 | 141 | 183 |
| 18 | मिजोरम | 77 | 97 | 103 | 72 |
| 19 | नगालैंड | 56 | 30 | 81 | 30 |
| 20 | ओडिशा | 3701 | 4062 | 3931 | 4303 |
| 21 | पंजाब | 4820 | 4588 | 4621 | 4893 |
| 22 | राजस्थान | 9528 | 9724 | 10289 | 10510 |
| 23 | सिक्किम | 55 | 68 | 59 | 70 |
| 24 | तमिलनाडु | 16175 | 15563 | 15190 | 15642 |
| 25 | तेलंगाना | NA | NA | 6906 | 7110 |
| 26 | त्रिपुरा | 272 | 226 | 188 | 158 |
| 27 | उत्तराखंड | 844 | 766 | 878 | 913 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 16149 | 16004 | 16287 | 17666 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 5397 | 5504 | 5875 | 6234 |
| 30 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 25 | 40 | 23 | 23 |
| 31 | चंडीगढ़ | 136 | 117 | 131 | 129 |
| 32 | दादर और नगर हवेली | 53 | 49 | 59 | 42 |
| 33 | दमन और दीव | 29 | 31 | 15 | 42 |
| 34 | दिल्ली | 1866 | 1820 | 1671 | 1622 |
| 35 | लक्षदीप | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 36 | पुदुचेरी | 193 | 228 | 151 | 235 |
| **जोड़** | | **138258** | **137572** | **139671** | **146133** |

## सभी सड़कों पर सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की कुल संख्या

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | घायल व्यक्तियों की कुल संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2012 | 2013 | 2014 | 2015 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 51552 | 49970 | 29931 | 29439 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 399 | 405 | 308 | 359 |
| 3 | असम | 6709 | 6609 | 6499 | 7068 |
| 4 | बिहार | 7142 | 7086 | 6640 | 6835 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 13517 | 12503 | 13157 | 13426 |
| 6 | गोवा | 2086 | 1928 | 1879 | 2055 |
| 7 | गुजरात | 27650 | 24836 | 22493 | 21448 |
| 8 | हरियाणा | 9452 | 9143 | 8944 | 10794 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 5248 | 5081 | 5576 | 5108 |
| 10 | जम्मू और काश्मीर | 9755 | 8681 | 8043 | 8142 |
| 11 | झारखंड | 4974 | 4356 | 4356 | 4038 |
| 12 | कर्नाटक | 58659 | 56781 | 56831 | 56971 |
| 13 | केरल | 41915 | 40346 | 41096 | 43735 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 55994 | 55731 | 55335 | 55815 |
| 15 | महाराष्ट्र | 43847 | 41972 | 40455 | 39606 |
| 16 | मणिपुर | 1391 | 1175 | 1295 | 1201 |
| 17 | मेघालय | 322 | 412 | 311 | 319 |
| 18 | मिजोरम | 172 | 264 | 234 | 103 |
| 19 | नगालैंड | 49 | 65 | 230 | 74 |
| 20 | ओडिशा | 10715 | 11254 | 11087 | 11825 |
| 21 | पंजाब | 3997 | 4383 | 4127 | 4414 |
| 22 | राजस्थान | 28135 | 27424 | 27453 | 26153 |
| 23 | सिक्किम | 336 | 409 | 352 | 337 |
| 24 | तमिलनाडु | 78348 | 75681 | 77725 | 79746 |
| 25 | तेलंगाना | NA | NA | 21636 | 22948 |
| 26 | त्रिपुरा | 1237 | 1277 | 1225 | 1028 |
| 27 | उत्तराखंड | 1577 | 1503 | 1531 | 1657 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 22155 | 23024 | 22337 | 23205 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 13773 | 13182 | 12018 | 11794 |
| 30 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 288 | 233 | 283 | 331 |
| 31 | चंडीगढ़ | 347 | 335 | 335 | 331 |
| 32 | दादर और नगर हवेली | 122 | 104 | 96 | 97 |
| 33 | दमन और दीव | 39 | 75 | 49 | 64 |
| 34 | दिल्ली | 6633 | 7098 | 8283 | 8258 |
| 35 | लक्षदीप | 3 | 2 | 1 | 3 |
| 36 | पुदुचेरी | 1129 | 1565 | 1323 | 1552 |
| जोड़ | | **509667** | **494893** | **493474** | **500279** |

*****